# खाटू का सरकार | By Kumar Sourabh

जय श्री श्याम

खाटू का राजा श्याम बिहारी तू ही पालनहार
ओ बाबा खाटू का सरकार

तेरी दया बिन कोई ना चलता
तेरी कृपा से परिवार पलता
आया दर पे मैं भी हार के तू ही है सरकार
ओ बाबा खाटू का सरकार

हर ग्यारस पे जो भी आया
उस पर बाबा तेरा साया
तेरी कृपा से हर कोई मांगे करता पूरण काम
ओ बाबा खाटू का सरकार

फागुण शुक्ल मेला भारी
तेरी दया की भीड़ है भारी
तेरी शरण में जो भी आया उसका बेडा पार
ओ बाबा खाटू का सरकार

सौरभ तुम्हारे भजनो को गाता
तेरी महिमा सबको सुनाता
देखी तेरी सूरत प्यारी आँखें नीर बहार
ओ बाबा खाटू का सरकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-kumar-sourabh/